पीईटी ने समसामयिक घटनाओं गणितीय समझ एवं तार्किक क्षमता आंकी

करंट अफेयर्स-संविधान, इतिहास-विज्ञानके पूछे सवाल एवं गणितके सवालोंने उलझाया, तीन दिवसीय पीईटी-२०२६ परीक्षा सम्पन्न



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-२०२६ की रविवार को दो पालियों में आयोजित हुई। इसमें अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी के साथ समसामयिक घटनाओं, गणितीय समझ और तार्किक क्षमता की भी परीक्षा हुई। प्रश्नपत्र में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाओं, भारतीय इतिहास, संविधान, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, पर्यावरण और साहित्य से जुड़े सवाल पूछे गए। एक प्रश्न था कि भारत के उपराष्ट्रपति ने सुरेंद्र कुमार पचौरी की कौन-सी पुस्तक का विमोचन किया। वहीं भारत के किस प्राचीन बौद्ध स्थल को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया, छत्तीसगढ़ में वर्ष २०२५ में किस जिले को भारत का पहला बाल विवाह मुक्त जिला घोषित किया गया और जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज के रूप में किस पुल का उद्घाटन किया गया जैसे प्रश्न आए।

इसके अलावा २०२५ की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किस शहर में हुआ, राजा हर्षवर्धन की संस्कृत जीवनी 'हर्षचरित' की रचना किसने की, त्रिपिटक के किस पिटक में भगवान बुद्ध के उपदेश और शिक्षाएं संकलित हैं और गंगईकोंडचोलपुरम में बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण किस चोल सम्राट ने कराया जैसे प्रश्न आए। प्लेइंग इट माइ वे किस भारतीय क्रिकेटर की आत्मकथा है और विशाल रथ के आकार में निर्मित कोणार्क सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है जैसे प्रश्नों से अभ्यर्थियों के सामान्य ज्ञान की परीक्षा हुई। विज्ञान के प्रश्नों में मानव शरीर में आयोडीन किस हार्मोन के निर्माण के लिए आवश्यक है, कोशिका का पावरहाउस किस कोशिकांग को कहा जाता है। जैसे प्रश्न आए। इसके अलावा भारत रत्न पाने वाले पहले विदेशी नागरिक कौन थे, विश्व बैंक का मुख्यालय कहां स्थित है, 'पर्यावरण' शब्द में कौन-सी संधि ह जैसे प्रश्न पूछे गए। संविधान श्रेणी में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है, लोकसभा की प्रत्येक संसदीय बैठक का पहला घंटा क्या कहलाता है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद २३ और २४ किस मौलिक अधिकार से संबंधित है, जैसे प्रश्न पूछे गए।

स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े सवालों में १९२८ के बारदोली सत्याग्रह, जर्मनी में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के पहले स्वरूप को फहराने और क्रांतिकारी गतिविधियों से संबंधित प्रश्न शामिल थे। अर्थव्यवस्था के हिस्से में १९९१ की नई आर्थिक नीति, उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण, योजना अवकाश, राष्ट्रीय नियोजन समिति, बंबई योजना और सवीदय योजना से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

गणित में टेबल और ग्राफ आधारित प्रश्नों की भरमार रही। बता दें कि प्रयागराज में ४८ परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। दो पालियों में परीक्षा हुई। रविवार को हुई परीक्षा के साथ तीन दिवसीय परीक्षा सम्पन्न हो गयी।

छात्रवृत्ति परीक्षामें ७५.९३ फीसदी अभ्यर्थी शामिल

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा-२०२७ परीक्षा वर्ष २०२६ की एक नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में निर्धारित ५०५ परीक्षा केन्द्रों पर सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे (दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्रातः दस बजे से मध्यान्ह) तक अभ्यर्थियों की परीक्षा सकुशल हुई। उक्त परीक्षा के लिए १७४६६२ छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिसमें ७५.९३ प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा २४.०७ प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

४० घंटे तक चली राजेशके घरमें खोदाई, सर्च जारी

खंगाली जा रही जमीनों एवं बैंककी डिटेल, कई दस्तावेज

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर निवासी राजेश यादव उर्फ बबलू के घर में शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे से चल रही खोदाई शनिवार भोर तक चली। रविवार को भी सर्च आपरेशन जारी रहा। करीब ५० घंटे तक चली खोदाई के दौरान रुपये तो आयकर विभाग की टीम को नहीं मिले, लेकिन सूत्रों की मानें तो आभूषणों के मिलने की चर्चा रही। हालांकि, इसकी कोई अधिकारी पुष्टि नहीं है। वहीं, आयकर विभाग की टीम राजेश यादव द्वारा खुद और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम खरीदी गई जमीनों से संबंधित दस्तावेजों को खंगाल रही है। बैंक की भी डिटेल खंगाली जा रही है। पूरी कारवाई सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में हो रही है।

बरईपुर रामनगर निवासी राजेश यादव उर्फ बबलू के घर से बुधवार देर शाम नवाबगंज पुलिस ने जमीन में गड़े तीन ड्रम में भरे रुपये बरामद किए थे। आयकर विभाग ने रकम की गिनती की तो पता चला कि यह तीन करोड़ २० लाख ९३ हजार रुपये है। आयकर विभाग के दर्जनभर से अधिक अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह छह बजे से राजेश यादव के घर में मजदूरों को लगवाकर खोदाई शुरू कराई। पांच कमरों, आंगन को खोदने के साथ ही दीवारों को कई जगह खोदा गया। शनिवार भोर तक चली खोदाई के दौरान आयकर विभाग को कोई रकम जमीन में गड़ी नहीं मिली।

सूत्रों की मानें तो राजेश यादव के घर से बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण मिलने की चर्चा रही। आयकर विभाग की टीम को यहां काफी दस्तावेज भी मिले हैं, जो जमीनों की खरीद से संबंधित हैं। इसके अलावा बैंक की कई पासबुक, एलआइसी, म्यूचुअल फंड, शेयर में भी निवेश से संबंधित दस्तावेज हाथ लगे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि सूची बनाई गई है, जिनके बारे में आयकर विभाग की टीम गोपनीय तरीके से जानकारी जुटा रही है। इसमें राजेश यादव के साथ ही उसके स्वजन और करीबी रिश्तेदार शामिल हैं। कई लोग आयकर विभाग के रडार पर हैं।

डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि आयकर विभाग की टीम जांच कर रही है। रविवार को भी सर्च अभियान चलाया गया है। पूछताछ एवं जांच की जा रही है। खोदाई में अभी कुछ मिलने की जानकारी नहीं है।

कम समय में बना ली अकूत संपत्ति, लग्जरी वाहन भी

संपत्ति, बैंक बैलेंस सहित सभी पहलुओंपर हो रही जांच, छह करीबी भी रडारमें

रामनगर निवासी राजेश यादव उर्फ बबलू समेत एक दर्जन से अधिक को जांच टीम ने सूचीबद्ध किया है। इसमें छह बेहद करीबी हैं। दो लोग राजेश के साथ रहे हैं जिनकी संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। लग्जरी वाहन तक खरीदे हैं, जबकि वर्ष २०२१ से पहले इनकी माली हालत कमजोर थी।

सूत्रों की मानें तो इधर राजेश जमीन समेत अन्य वस्तुओं की खरीद कर रहा था तो दूसरी ओर उसके दो करीबी रिश्तेदार भी यही सब कर रहे थे। इधर एक वर्ष पहले उसके करीबी ने लग्जरी चार पहिया वाहन भी खरीदा। जब उसने वाहन खरीदा तो राजेश ने पिकअप खरीदने के साथ ही डीजे बनवाना शुरू किया। साथ ही गांव के पास बाजार में मार्केट का निर्माण शुरू कराया। जमीनों की तो वह लगातार रजिस्ट्री करवा रहा था। यही नहीं, उसने गांव के कुछ लोगों से कहा था कि वह डीजे ऐसा बनवाएगा कि पूरे गंगापार में सबसे अलग नजर आएगा। यही नहीं, उसने बालू का काम भी शुरू कर दिया था। ट्रैक्टर और ट्राली भी खरीद ली थी। यह सब गांव के लोग देख रहे थे, लेकिन उनकी समझ में यह नहीं आ रहा था कि इतनी दौलत आखिर राजेश यादव के पास आई कहां से। हालांकि, लोगों की बीच यह चर्चा बनी रही कि पुणे से वह रकम लेकर आया है। उसके करीबी रिश्तेदारों के भी उसी की तर्ज पर आगे बढ़ने पर ऐसी ही सुगबुगाहट होने लगी। सूत्रों की मानें तो गुरुवार देर शाम से जांच में जुटी आयकर विभाग की टीम रविवार सुबह वापस लौटी, लेकिन उसके हाथ महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं। साथ ही राजेश यादव और उसके भाई राकेश यादव से अलग-अलग कई चक्र में पूछताछ में छह बेहद करीबी के भी नाम सामने आए हैं।इनके द्वारा अर्जित की गई संपत्ति, आभूषण, बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, एलआइसी, शेयर में कितने का निवेश किया गया है, सभी बिंदुओं को परत दर परत खंगाला जा रहा है।

बस अड्डोंपर कम रही अभ्यर्थियोंकी भीड़



पीईटी परीक्षाके लिए परिवहन निगमने की थी विशेष व्यवस्था

रविवार को प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा यानी पीईटी आयोजित की गयी। इस परीक्षा के लिए विभिन्न शहरों से अभ्यर्थी प्रयागराज पहुंचे। परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की थी लेकिन अधिक भीड़ नहीं होने से रूटीन की बसों से ही काम चल गया। हालांकि बसों के फेरों को बढ़ाया गया था। विद्यावाहिनी बस अड्डा, लीडर रोड एवं जीरो रोड़ बस अड्डे पर भी परीक्षार्थियों की अनुमानित भीड़ के सापेक्ष कम ही भीड़ रही। पूर्व के दो अन्य पीईटी की परीक्षा के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जयकरन प्रसाद ने बताया कि वाराणसी, कानपुर और फतेहपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भीड़ का दबाव अधिक होने के बावजूद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। वाराणसी और कानपुर के रूटों पर यात्रियों की संख्या सबसे अधिक दर्ज की गई, जिससे कुछ समय के लिए विद्यावाहिनी बस अड्डे पर भारी भीड़ देखने को मिली। यात्रियों की मांग को देखते हुए समय पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया, जिससे लोगों को आवागमन में कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई। लगातार फेरे लगाकर बसों का संचालन किया गया, जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हुई। एआरएम श्री प्रसाद ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारू रूप से रहीं। कहीं भी कोई बड़ी समस्या नहीं आई है और सभी जगह स्थिति सामान्य थी।

रेलवे स्टेशनोंपर उमड़ी पीईटी परीक्षार्थियोंकी भीड़

कई ट्रेनोंमें चढ़नेके लिए की धक्का-मुक्की, सुरक्षा बलोंने परीक्षार्थियोंको ट्रेनोंमें बैठाया



प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज रामबाग सहित विभिन्न रेलवे स्टेशन पर पीईटी परीक्षा के चलते रविवार को सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। परीक्षा की समाप्ति के बाद दूर-दराजके जनपदों से आये अभ्यर्थियों ने घर वापसी के लिए ट्रेनों का सहारा लिया। सुबह की पाली के बाद घर जाने वाले अभ्यर्थी दोपहर में और दूसरी पाली में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी शाम के वक्त ट्रेन के लिए स्टेशन पहुंचे। कई ट्रेनों में चढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। कुछ अभ्यर्थियों ने भीड़ के चलते ट्रेनों से खिड़की के रास्ते प्रवेश किया।

परीक्षा के चलते कुछ अभ्यर्थी ट्रेनों से शनिवार की शाम तो कुछ रविवार सुबह चार से पांच बजे के बीच आ गये थे, जो अपने-अपने केंद्रों पर तय समय से पहुंच गए। वहीं, दोपहर में परीक्षा खत्म होने के बाद अचानक भीड़ स्टेशन की ओर चल पड़ी। दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज रामबाग सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में पीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष व्यवस्थाएं की गयीं।

रेल प्रशासन द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा, सुचारु गमनागमन तथा भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष निगरानी रखी गयी।भीड़ को सम्भालने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण आरपीएफ और जीआरपी ने सभी परीक्षार्थियों को सुरक्षित ट्रेनों में बैठाया। ट्रेनों में बैठने के लिए परीक्षार्थी एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए दिखायी दिये। परीक्षार्थियों की भीड़ के चलते ट्रेनों में जगह कम पड़ गयी और सामान्य डिब्बों के साथ ही स्लीपर एवं एसी कोच में भी अभ्यर्थी बैठ गये।

सड़क खोदनेका विरोध करनेपर मारपीट, हत्याकी धमकी

शिवकुटी के तेलियरगंज में घर के सामने सड़क खोदने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने रमाशंकर शुक्ला को पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि फावड़ा और गैंती लेकर पहुंचे आरोपितों ने पहले सड़क खोदनी शुरू की। विरोध करने पर लात-घूंसों, डंडे और ईंट से हमला कर दिया। यही नहीं, पहले से दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाते हुए हत्या कराने की धमकी भी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। तेलियरगंज निवासी रमाशंकर शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बतायाकि उनके घर के सामने सड़क पर गड्ढे हो गए थे। उन्होंने अपने खर्च से इसकी मरम्मत कराई थी। आरोप है कि पड़ोसी चंद्रभुवन पांडेय, उनकी पत्नी और अन्य लोग एकराय होकर फावड़ा व गैंती लेकर पहुंचे। सभी उनके घर के सामने सड़क खोदकर क्षतिग्रस्त करने लगे। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह गतिविधि देखकर रमाशंकर बाहर आए और विरोध किया। आरोप है कि इस पर सभी ने उन्हें घेर लिया और लात-घूंसों, डंडे व ईंट से पीटने लगे। गालीगलौज करते हुए कहा कि पहले दर्ज मुकदमा वापस ले लो, वरना घर से निकलना मुश्किल कर देंगे और हत्या करवा देंगे। पीड़ित का दावा है कि मारपीट और सड़क खोदने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। शिवकुटी पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

डीएम ने परीक्षा केंद्रोंका किया निरीक्षण, परखी व्यवस्था

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने रविवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-२०२६ के दृष्टिगत प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कालेज सहित कई विद्यालयों में बनाये गये परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य से परीक्षार्थियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाये हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों के माध्यम से हो रही मानिटरिंग को भी देखा।

रुपयोंके विवादमें दो पक्षोंमें मारपीट, तीन जख्मी

सोहबतियाबाग में शनिवार देर रात मात्र तीन सौ पचास रुपयों के विवाद में दो युवकों और पड़ोसी दंपती के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर रॉड और डंडों से हमला किया। मारपीट में दंपती और एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांचकर रही है।

पुलिस के मुताबिक सुलेमसराय निवासी शुभम यादव परिवार के साथ सीएमपी डॉट पुल के पास किराये के कमरे में रहता है। उसके पड़ोस में ही दो भाई रहते हैं। दोनों पढाई करते हैं। बताया गया कि कुछ समय पहले शुभम यादव ने आशुतोष से उधार में मोबाइल पर तीन सौ पचास रुपये का रिचार्ज कराया था। इसी पैसे को लेकर रात करीब साढ़े दस बजे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर मारपीट होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्ष लहूलुहान हो गए। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। काफी देर तक थाने पर गहमागहमी रही। बाद में पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर दोनों पक्षों को इलाज के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने बताया कि पैसों के लेन-देन में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कल शपथ लेगी हाईकोर्ट बार एसोसिएशनकी नयी कार्यकारिणी

तेलंगानाके राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल होंगे मुख्य अतिथि

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (वर्ष २०२६-२७) का स्थापना समारोह तीन नवंबर को आयोजित किया जाएगा। हाईकोर्ट के क्रिकेट मैदान में सायं चार बजे होने वाले समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि राज्यसभा सदस्य निर्वाचित वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा विशेष आमंत्रित अतिथि रहेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी और सदस्यों की ओर से आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह है। इसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता वीके सिंह और मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने अधिवक्ताओं से समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

आफत बनी बेमौसम बारिश, सर्दी-जुकामसे लोग परेशान

पिछले चार दिनों से बेमौसम बारिश में लोग भीगने के चलते बीमार पड़ रहे है वहीं लगातार तीन दिनों से रुक-रुक हो रही बारिश एवं आसमान में बादलों के ढेरे की वजह से तापमान लुढ़क रहा है एवं ठंडक का एहसास भी अब सुबह -शाम बढ़ गयी है। पिछले चार दिनों से रुक-रुक हो रही दिन रात बारिश के चलते लोग भीग रहे हैं। जिसकी वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। बेमौसम बारिश के चलते लोग सर्दी-जुकाम एवं खांसी से पीड़ित हो रहे हैं। जिसके चलते सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है।बेली अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा.आरके मिश्रा के अनुसार

मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण लोगों की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है।सबसे अधिक असर छोटे बच्चों एवं बुजुर्गो में देखा जा रहा है।

स्वचिंतनसे ही संभव है स्वास्थ्य समस्याओंका समाधान- डा. अंशुमान

इविवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीमें आयुर्वेद एवं एकात्म मानववादके अंतर्संबंधोंपर हुई चर्चा

स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ परिवार, समाज और राष्ट्र की परिकल्पना साकार हो सकती है। मनुष्य के स्वचिंतन से ही समस्त स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान संभव है। यही विचार एकात्म मानववाद की अवधारणा को पूर्णता प्रदान करता है। यह बातें दिल्ली के सी-३ हेल्थकेयर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अंशुमान कुमार ने कहीं। वह रविवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में पं. दीनदयाल उपाध्याय पीठ, आरोग्य भारती और जगन्नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'एकात्म मानववाद एवं समन्वित स्वास्थ्य' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सकों, विद्वानों, शिक्षकों, शोधार्थियों और समाजसेवियों ने सहभागिता की । मुख्य अतिथि डा. अंशुमान कुमार ने कहा कि भारतीय चिकित्सा परंपरा में आयुर्वेद का विशेष महत्व है। धन्वंतरि, चाणक्य और सुश्रुत की ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए खानपान, दिनचर्या और ऋतुचर्या का पालन जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्षता पं. दीनदयाल उपाध्याय पीठ के चेयर प्रोफेसर प्रो. हर्ष कुमार ने की। स्वागत भाषण वैद्य एसके राय ने दिया। संगोष्ठी में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों पर विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें लोगों को विभिन्न उपचार विधियों और उनके व्यावहारिक महत्व की जानकारी दी गई। डॉ. आलोक मिश्रा, प्रो. कर्नल शैलेंद्र कुमार, प्रो. जीएस तोमर, विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत, कुलानुशासक डा. अतुल नारायण सिंह, डा. आशीष धर त्रिपाठी, डा. जितेंद्र सिंह नौलखा, डा. संजय कुशवाहा, डा. मुकेश कुमार सिंह, डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह, डा. पंकज शर्मा, डा. सुचित्रा मजूमदार, डा. मोहना आर., डा. अमित सिंह, डा. शैलेश कुमार यादव, डा. राजेश कुमार सिंह और अनुराग यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। संचालन डा. सर्वेश सिंह ने किया।

आधुनिक तकनीकोंसे आसान हुआ दांतोंका सटीक इलाज

इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में 'डिजिटल डेंटिस्ट्री कान्फ्रेस चैप्टर -१८' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। कान्फ्रेंस में दंत विशेषज्ञों ने आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों पर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता डा. शिशिर सिंह ने डिजिटल इंप्रेशन, आधुनिक उपचार पद्धति एवं इम्प्लांटोलाजी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम्प्यूटर आधारित तकनीकों एवं डिजिटल उपकरणों से अब मरीजों के दांतो की स्थिति का डिजिटल रिकार्ड तैयार करना एवं कृत्रिम दांतों का डिजाइन बनाना बेहद आसान हो गया है। डा. सचिन प्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीकी दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकसित हो रही है, जिससे मरीजों को सटीक एवं त्वरित इलाज मिल रहा है। इस अवसर पर डा. अमित शुक्ला, डा. संदीप शुक्ला, डा. मनीष, डा. आशुतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में दंत चिकित्साक मौजूद रहे।

ई-रक्तकोष पोर्टलसे ज्ञात होगा ब्लड बैंकोंमें कितना है रक्त

थैलेसिमिया,गंभीर एवं सड़क दुर्घटनाके घायलोंको आसानी से मिलेगा रक्त

मरीजों एवं उनके तीमारदारों को रक्त की जरूरत पड़ने पर अब ब्लड बैंकों में के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अब सभी सरकारी एवं निजी ब्लड बैंकों को ई-रक्तकोष पोर्टल के एकीकृत डाटा बैंक पर ब्लड बैंकों में उपलब्ध रक्त का विवरण आनलाइन दर्ज करना होगा। इस नयी व्यवस्था से तीमारदार घर बैठे ही अपनी जरूरत के अनुसार संबंधित ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। खासकर आपातकालीन स्थिति में यह व्यवस्था काफी मददगार साबित होगी।

आनलाइन जानकारी मिलने से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में आसानी होगी। एसआरएन, बेली, काल्विन एवं एएमए के अलावा कई अन्य निजी ब्लड बैंकों का विवरण आनलाइन शेयर नहीं किया जाता। इससे जरूरतमंद लोगों को रक्त के ग्रुप अनुसार मात्रा की उपलब्धता की जानकारी नहीं हो पाती।

जनपद में इस समय तीन सरकारी एवं २१ निजी ब्लड बैंक संचालित हो रहे हैं। वहीं प्रतिदिन करीब ३०० से ३५० यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। इसमें सबसे अधिक योगदान एसआरएन अस्पताल एवं एएमए ब्लड बैंक का रहता ह। इसके बावजूद कई बार मरीजों एवं उनके परिजनों को ब्लड बैंक में उपलब्ध रक्त की सही जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में उन्हें रक्त की तलाश में ब्लड बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।कई बार समय पर रक्त की उपलब्धता का पता नहीं चलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस व्यवस्था से थैलेसिमिया, जननी सुरक्षा, कैंसर के गंभीर मरीज एवं सड़क दुर्घटना में घायल जरूरतमंद लोगों को रक्त मिलने से आसान होगी।

तेज धूपके चलते अधिकतम पारा ३० डिग्रीसे ऊपर पहुंचा

तीखी होती धूप ने नवम्बर के पहले ही दिन रविवार को ३० डिग्री पारे का बैरियर पार कर दिया। पिछले तीन दिनों से बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से संगम नगरी का मौसम पूरी तरह से बदला हुआ था और नगर में मौसम खुशनुमा रहा।

सूर्यदेव के दर्शन न होने के कारण अधिकतम तापमान २२ से २६ डिग्री सेल्सियस के बीच था। आज सुबह से ही सूर्यदेव के तेवर तीखे रहे और दोपहर में पारा ३० डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। हालांकि मौसमी बदलाव के चलते जनपद में सुबह-शाम ठण्डी हवाएं चल रही हैं और रात के तापमान में कमी बरकरार है।

रविवार को दोपहर से पहले तीखी हुई धूप के कारण लोग हल्के फुल्के कपड़ों में दिखे।

आज भी लोगों ने सुबह और शाम के वक्त ठण्डक का अहसास किया। सड़क पर निकले राहगीरों ने ठण्ड से बचने के लिए शाल, स्वेटर जैकेट का सहारा लिया। आज सुबह ८.३० बजे तक बीते २४ घण्टे में ३.७ मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज अधिकतम तापमान ३०.४ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २१.८ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से ३.२ डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। रात्रि में ठण्ड से बचने के लिए लोग कम्बल, रजाई सहित गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

नम आंखोंसे दी श्री दारागंज रामलीलाके पात्रोंको विदाई



श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से करीब एक माह तक चले रामलीला दशहरा महोत्सव का रविवार को पात्रों की विदाई के साथ समापन हुआ।

शृंगार भवन में आयोजित विदाई समारोह के मौके पर कमेटी के मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने बताया कि सर्वप्रथम पुरोहित, श्रवण कुमार द्विवेदी, पुजारी संजय पाठक, लीला संयोजक,पंडित सियाराम शास्त्री के नेतृत्व में सभी रामलीला के पात्रों उनके अस्त्र-शस्त्र वस्त्र का विधिवत पूजन अर्चन करके उनके स्थान पर रखा गया। अब अगले वर्ष मुकुट पूजन के दिन पूजन अर्चन करके उसको निकला जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव, महामंत्री जितेंद्र गौड़ एवं कोषाध्यक्ष मुन्ना आजाद ने सभी पात्रों को तिलक लगाकर द्रव्य, मिष्ठान अंग वस्त्रम देकर विदाई दी और उपस्थित सभी पदाधिकारी एक दूसरे के गले लगकर पुनः अगले वर्ष रामकाज के लिए एकत्रित होने के वादे के साथ अपने गंतव्य को चले गये।

इस मौके पर अरविंद पाण्डेय, हीरालाल यादव, राजू, पंचू यादव, विजय सोनकर, राहुल यादव, ओम प्रकाश चौधरी, विक्कू निषाद, पवन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

यातायात माह शुरू, नियम तोड़ने वालोंपर रहेगी नजर

मंडलायुक्तने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैलीको किया रवाना, सड़क सुरक्षाके प्रति जागरूकताका संदेश

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में यातायात माह-नवंबर २०२६ का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डा. लोकेश एम. ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता बाइक रैली को रवाना किया। इस दौरान अधिकारियों ने यातायात नियमों का पालन करने को लेकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की गई।

मंडलायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। यातायात नियमों की अनदेखी न केवल वाहन चालक, बल्कि सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। ऐसे में वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना और यातायात संकेतों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात डॉ. अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विजय ढुल, डीसीपी मनीष शांडिल्य और एडीसीपी यातायात पुष्कर वर्मा भी उपस्थित रहे। यातायात माह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर रहेगा। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, नाबालिगों को वाहन न देने और नशे की हालत में गाड़ी नहीं चलाने का संदेश दिया जाएगा। इसके अलावा ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से होने वाले खतरों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने की जरूरत बताई गई। समारोह में सिविल डिफेंस, एनसीसी, डीसीपीसी, एंटी करप्शन, स्वदेश सेवा संस्थान, भागीरथी सेवा संस्थान, सुदर्शन समाज सेवा, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने सभी से यातायात नियमों का स्वयं पालन करने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

आजसे नियमित रूपसे चलेगी सुपरफास्ट एक्सप्रेस

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक एवं तेज रेल यात्रा सुविधा एवं यात्रियों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी के लिए गाड़ी संख्या १२२०६ और १२२०५ वाराणसी-साबरमती-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन प्रतिदिन प्रारम्भ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन सेवा का उद्घाटन बीते शुक्रवार को स्पेशल ट्रेन संख्या- ०९४०५ के उद्घाटन विशेष रूप में किया गया था।

गाड़ी संख्या १२२०६ वाराणसी से दो नवम्बर से प्रतिदिन संचालित होगी जबकि गाड़ी संख्या १२२०५ साबरमती से चार नवम्बर से प्रतिदिन संचालित होगी। गाड़ी में एसी तृतीय छह, स्लीपर-छह, एसी द्वितीय-दो, सामान्य-पांच, एसएलआर दो सहित २१ डिब्बे लगेंगे।

सातको धूमधामसे निकलेगी हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

'हनुमान अंश' के कलाकार करेंगे शोभायात्राकी अगुवाई सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतनमें होगा समापन



सात नवंबर को हनुमान जंयती के मौके पर धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा प्रयाग उत्थान समिति की ओर से रामबाग स्थित श्री पथरचट्टी रामलीला मैदान से शुरू होगी। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन मंदिर पहुंचकर विश्राम लेगी। इस मौके पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में लखनऊ एवं दिल्ली के कलाकारों की ओर से भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। इस संबंध में रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारवार्ता कर समिति के अध्यक्ष डा.उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शोभायात्रा की अगुवाई चर्चित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकार अगुवाई करेंगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह आरती-महाआरती भी उतारी जायेगी। अध्यक्ष ने अप्रैल माह में आयोजित श्री हनुमत रामकथा के सफल आयोजन का भी उल्लेख किया। बताया कि बाबा बागेश्वरधाम पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के तीन दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन काफी सफल रहा हैं। उन्हें उम्मीद है कि हनुमान जी की शोभयात्रा भी काफी सफल साबित होगी। समिति के महामंत्र अभिषेक ठाकुर ने बताया कि श्री पथरचट्टी रामलीला मैदान से शुरू होकर कोठापार्चा, रामभवन चौराहा, बहादुरगंज, सुलाकी चौराहा, हीवेट रोड, जानसेनगंज, निरंजन होते हुए सिविल लाइंस हनुमत निकेतन मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। पत्रकारवार्ता में प्रवक्ता राजेश केसरवानी, हनुमान अंश के कलाकार गौतम त्रिपाठी, धर्मेंद्र भैया, सतीश केसरवानी, हरीश त्रिपाठी, राकेश जायसवाल, शिवम अग्रहरी, प्रवीण केसरवानी आलोक केसरवानी,निवेश मित्तल प्रियवंदा एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।